दिनांकः 01.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं भारी से अति भारी बारिश हुई। वहीं लगभग सभी स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 18 सेंटीमीटर बारिश करौली के श्रीमहावीरजी में दर्ज की गई। जयपुर में 17 सेंटीमीटर, चौमूं और करौली में 16–16, टोंक के निवाई तथा सवाईमाधोपुर के बोंली में 14–14, अलवर के कोटकासिम और सीकर के रामगढ़ शेखावाटी में 13–13 सेंटीमीटर पानी बरसा। राजधानी जयपुर में कल रात से आज सुबह तक तेज बारिश होती रही। अभी भी रिमझिम बरसात का दौर जारी है। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। आगरा रोड पर जामडोली में सीवरेज लाइन के धंसने से कई वाहन धंस गए। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में एक घर के बेस्मेंट में पानी भरने से उसमें फंसे एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गई। बचाव दल परिवार के बाकी सदस्यों की तलाश कर रहा है। इस बीच, जयसिंहपुरा खोर में दो मंजिला निर्माणाधीन मकान और त्रिवेणी नगर में नाले के किनारे बना एक मकान गिर गया। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को राहत कार्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सवाईमाधोपुर में भी कल रात से तेज बारिश हो रही है। दौसा के सूरजपुरा और भांकरी के बांधों में पानी की आवक बढ गई है। करौली जिला मुख्यालय स्थित पांचना बांध के तीन गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। हनुमानगढ में तेज बरसात का दौर जारी है। अजमेर के सुभाष नगर सहित कई निचली बस्तियों में पानी भर गया। विभाग के अनुसार आज राज्य के सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

....

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने आज सुबह जयपुर में अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीद जवान देश के वह गौरव हैं, जिनसे सभी देशवासी आलोकित होते हैं। उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि मां भारती के लिए अपने प्राणों की परवाह किये बिना प्राण न्यौछावर करने वाले सभी शहीदों को उनका नमन है।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में आयोग के साथ विभिन्न वित्तीय मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा और मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री आज शाम को दिसम्बर महीने में होने वाले राजस्थान इन्वेटमेंट समिट पर भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई के महानिदेशक और उनकी टीम के साथ परिचर्चा करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समिट की तैयारियों और संभावित निवेशकों के साथ चर्चा कर राज्य में आर्थिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ाना है।

....

विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरूआत के साथ ही प्रदेशभर में आज से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये माताओं को स्तनपान कराने के फायदे और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के बारे में जागरुक किया जा रहा है। स्तनपान के प्रचार और समर्थन के लिए इस वर्ष की थीम ''क्लोजिंग द गेप : ब्रेस्ट फीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल'' रखी गई है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रसव केन्द्रों पर बच्चे के जन्म के बाद तुरंत स्तनपान और नई माताओं को सहायता देने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

....

प्रदेश में मॉनसून के दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों ने आज पौधरोपण किया। सम रोड़ स्थित बीएसएफ परिसर में 1 हजार 200 पौधे लगाए गए। इस दौरान सीमा सुरक्षा बल की 154वीं वाहिनी के समादेष्टा विनोद

कुमार कंडवाल ने बताया कि पेड़ पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहतर भविष्य सुनिश्चित करते हैं।

पाली में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिला प्रशासन लोगों को पौधरोपण के लिए पोस्टर और बैनर के माध्यम से जागरुक कर रहे हैं। इसकी टैगलाइन ''वृक्षारोपण है प्रकृति का मान पेड़ लगाकर करो इसका सम्मान'' रखी गई है। ये पोस्टर और बैनर जिला मुख्यालय सहित कई स्थानों पर लगाए गए हैं। 7 अगस्त को हरियाली तीज पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसमें 600 बीघा जमीन में 20 हज़ार पौधे एक साथ लगाए जाएंगे।

....